M.A (Part I & II)
Hindi- Paper VII

P3-upd-Feb.-13KL-98 A4 B

**Con. 4483–13.** BN-

(3 Hours) **[Total Marks : 100**

22-4-13

**सूचना :** (१) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।
(२) उत्तर पुस्तिका पर **प्रश्नक्रमांक / उप प्रश्नक्रमांक अवश्य** लिखें।
(३) **सभी** प्रश्नों के **दाहिनी** ओर अंक लिखे हुए हैं।

१. 'नारीवादी-आंदोलन' की चर्चा भारतीय संदर्भो में कीजिए। २०

**अथवा**

स्त्री-विमर्श से आप क्या समझते हैं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

२. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **तीन** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :— ३०

(क) '''तुम मुझे गलत समझ रही हो। औरत जरुर अपने मन को महत्त्व दे, लेकिन मर्द बनकर नहीं। तुम्हारा स्त्री-समानता का दृष्टिकोण मर्द बनना है... मर्दों की भाँति रहना... वे समस्त आचार-व्यवहार व्यवस्थाएँ अपनाना... यही समानता का दृष्टिकोण है ? स्त्री की समाज में समान अधिकारों के नाम पर इन्हीं उच्छृंखलताओं और अनुशासनहीनता की चाह है ?'

(ख) ''इसलिए कि तुमने कभी थानेदार की तरह मेरी जेबें नहीं टटोलीं। हाँ, एक बात और बता दूँ। कहीं पर मैने यह तैयारी भी मन-ही-मन में कर ली थी कि यदि तुम लड़ी, तो मैं भाई-साहब की तरह गर्दन झुकाकर चुप नहीं रह पाऊँगा।''

(ग) लल्लन को अनचाहे ही हँसी आ गई। दुख भरी हँसी । अम्मा का गरब-राग बिरथा है। जानती तो है कि न हम दाई और न काछी की बहू हा-हा खानेवाली। पर अब क्या कहे... कैसे तोड़े बूढ़ी डुकइया का भिरम। कपाल पर दोनों हथेली टिकाए सोच में बैठी है लल्लन।

(घ) पर सुन मेरी बच्ची। अपनी कटी हुई हथेलियाँ न फैलाना उस बनानेवाले के सामने कि पिछली बार तुझे बनाते समय उसने जो भूल की थी, उसे सुधार ले ! नहीं ! तुझे तो फिर फिर वही बनना है! फिर फिर औरत! सौ जनमों तक औरत! तब तक औरत, जब तक तेरे हिस्से का असमान, तेरे और सिर्फ तेरे नाम न कर दिया जाए।

(च) अपने झोले में ही !
अब निकलूँगी मैं भी
अपने संधान में अकेली।
आपका झोला हो आपको मुबारक!
अच्छा बाबा, राम-राम !

[ TURN OVER

StudentBounty.com
www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

३. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :—

(ट) ''एक जमीन अपनी'' उपन्यास में नारी को स्वाधीनता की संघर्ष - यात्रा का चित्रण किस प्रकार किया गया है ? स्पष्ट कीजिए।

(ठ) 'शाल्मली' उपन्यास ''पुरुष प्रधान समाज के सामंतीय सोच के विरुध्द लिखी गई स्त्री की मर्म व्यथा है।'' कथन का विवेचन कीजिए।

(ड) 'राय प्रवीण' कहानी के कथ्य पर प्रकाश डालिए।

(ढ) 'अन्नपूर्णा मंडल की आखिरी चिट्ठी' के उद्देश्य को रेखांकित कीजिए।

(त) 'कुहनियाँ' कविता का भाव-सौंदर्य निरुपित कीजिए।

४. (अ) निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर **एक** वाक्य में लिखिए— १०

(१) चित्रा मुद्‌गल को उत्तर-प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा किस सन्मान से अलंकृत किया गया ?

(२) अंकिता ने महेश्वरन को कौन सा काम सौंपा ?

(३) नरेश शालू कहकर किसे पुकारता था ?

(४) ईरानी साहित्य, कला, संस्कृति, समाज और राजनीति की विशेषज्ञा के रूप में किस कहानी लेखिका को जाना जाता है ?

(५) जगदीश चौबे ने किसको ताले में बंद रखा था ?

(६) रज्जो किसकी बेटी है ?

(७) जानकी ने अपने हिस्से का केक चुपचाप फ्रिज से निकालकर किसे दिया ?

(८) दूरदर्शन के 'समांतर' कार्यक्रम के लिए कुछ लघु फिल्मों का निर्माण किसने किया ?

(९) कवयित्री 'नये जमाने का घूँघट' किसे कहती है ?

(१०) अनामिका ने पी.एच.डी. किस साहित्य में किया है ?

(आ) निम्नलिखित अतिलघुत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर अधिकतम **पाँच** वाक्यों में दीजिए— १०

(१) क्या स्त्री-विमर्श का उद्देश्य नारी-पराधीनता पर प्रहार करना है ?

(२) 'एक जमीन अपनी' की नीता ने अपनी वसीयत में आखिरी ख्वाहिश क्या व्यक्त की थी ?

(३) 'शाल्मली' की नौकरानी बेला के बारे में बताइये।

(४) 'कंचना घाट' के नामकरण से संबंधित कौन सी कहानी है ?

(५) 'यथास्थिति' कहानी का मूल कथ्य बताइये।

(६) 'दलाईलामा' कविता का दुभाषिया सभा में क्या कर रहा था ?

------------

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

M.A. (Part I & II)

VT.F.H.Exam. April-13-62

Hindi - Paper VII (old & Rev

Con. 4000-13.

StudentBounty.com

( 3 Hours ) [ Total Marks

22-4-1

**सूचना** :- (१) उत्तर-पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर '**प्रयोजनमूलक**' **अवश्य** लिखें ।

(२) प्रश्न क्रमांक ८ **अनिवार्य** हैं ।

(३) **शेष** प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

१. प्रयोजनमूलक हिन्दी के ऐतिहासिक विकास का परिचय दीजिए । १६

२. राजभाषा के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उसकी आवश्यकता पर प्रकाश डालिए । १६

३. राजभाषा अधिनियम समिति द्वारा प्रस्तुत विभिन्न प्रस्ताओं पर अपना मत प्रस्तुत कीजिए । १६

४. सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हिन्दी का प्रचार-प्रसार बढ़ रहा है – इस कथन की समीक्षा कीजिए । १६

५. विज्ञापन के विविध रूपों पर प्रकाश डालिए । १६

६. विदेशों में हिन्दी पत्रकारिता की स्थिति का विवेचन कीजिए । १६

७. अनुवाद के महत्त्व को रेखांकित करते हुए उसके उपकरणों की चर्चा कीजिए । १६

८. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों का **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए :– १०

(१) हिन्दी भारतीय संघ की राजभाषा कब बनी ?

(२) फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना कब हुई ?

(३) नागरी प्रचारिणी सभा कहाँ स्थित है ?

(४) राजभाषा आयोग की स्थापना कब हुई ?

(५) जिस भाषा का प्रयोग सामान्य जीवन के संदर्भों से भिन्न किन्हीं विशेष कार्यों के संदर्भों में होता है – उसे क्या कहते हैं ?

(६) अठारहवीं शती में हिन्दी-उर्दू के मिले-जुले रूप को क्या कहा गया ?

(७) 'हिन्दी का प्रारम्भ से ही आन्तर भाषा के रूप में विकास हुआ' – किसका कथन है ?

(८) चलचित्र के लिए अंग्रेजी में किस शब्द का प्रयोग होता है ?

(९) अनुवाद के लिए सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण शर्त क्या है ?

(१०) उत्पादित वस्तु को लोकप्रिय बनाने का कार्य कौन करता है ?

[ TURN OVER

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

(ब) सही विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

(१) राष्ट्रभाषा की तुलना में राजभाषा कैसा शब्द है ?

(क) व्यापक (ख) सीमित

(ग) उच्चतर (घ) इनमें से कुछ नहीं

(२) दक्खिनी के सारे कवि क्या थे ?

(क) हिन्दू (ख) बौद्ध

(ग) मुसलमान (घ) ईसाई

(३) 'संघ की राजभाषा देवनागरी लिपी में हिन्दी होगी' – यह वाक्य संविधान की किस धारा में है ?

(क) ३४३(१) (ख) ३४९

(ग) ३४५ (घ) ३५१

(४) किस संस्था की स्थापना महात्मा गांधी द्वारा नहीं हुई ?

(क) राष्ट्रभाषा (ख) हिन्दुस्तानी प्रचार सभा

(ग) नागरी प्रचारिणी सभा (घ) दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा

(५) कौन-सा राज्य 'क' क्षेत्र में नहीं है ?

(क) उत्तर प्रदेश (ख) बिहार

(ग) अंदमान-निकोबार (घ) पश्चिम बंगाल ।

(६) आर्यसमाज ने किस भाषा के प्रचार-प्रसार में योग दिया ?

(क) हिन्दी (ख) उर्दू

(ग) अंग्रेजी (घ) तमिल

(७) कौन सी पत्रिका संयुक्त राज्य अमेरिका से प्रकाशित नहीं होती ?

(क) विश्वा (ख) हिन्दी जगत

(ग) विज्ञान प्रकाश (घ) दस्तावेज

(८) प्रयोजनमूलक हिन्दी का प्रयोग कहाँ नहीं होता ?

(क) प्रशासन (ख) साहित्य

(ग) न्यायपालिका (घ) शासकीय कार्यालय

(९) कौन-सा विज्ञापन वाशिंग पाउडर का है ?

(क) पहले इस्तेमाल करें फिर विश्वास करें

(ख) कुछ खास है हम सभी में

(ग) रंगीन कपड़ा भी खिल-खिल जाए

(घ) अब आप समझे मैंने यह टिकिया क्यों ली

(१०) अनुवाद के संदर्भ में स्त्रोत भाषा क्या है ?

(क) जिस में अनुवाद किया जाए (ख) जिससे अनुवाद किया जाए

(ग) किसी भाषा का आदिस्त्रोत (घ) कुछ भी नहीं

*********

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

M.A. (Part I & II)

P4-RT-Exam.-Feb.-13-2-104

Con. 4680-13.

Hindi - Paper II

533

(3 Hours)

[Total Ma...

10-5-...

StudentBounty.com

**सूचना :** (१) **प्रथम** तथा **अंतिम** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।

(२) **शेष** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखिए ।

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **चार** की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :- ४०

(क) ओ जीवन की मरु-मरीचिका कायरता के अलस विषाद् ।
अरे पुरातन अमृत ! अगतिमय मोहमुग्ध जर्जर अवसाद ।
मौन ! नाश ! विध्वंस ! अंधेरा ! शून्य बना जो प्रकट अभाव ;
वही सत्य है, अरी अमरते ! तुझको ! यहाँ कहाँ अब ठाँव ।

(ख) ''सोचा है नत हो बारबार -
यह हिन्दी का स्नेहोपहार,
हैं नहीं हार मेरी, भास्वर,
यह रत्नहार-लोकोत्तर वर ।''

(ग) ठीक है कि हम भी तो दब गए,
हम जो विरोधी थे
कुओं-तहखानों में कैद-बंद
लेकिन हम इसलिए
मरे कि जरूरत से
ज्यादा नहीं, बहुत-बहुत कम
हम बागी थे ।

(घ) हमें ज्योति दो, देशवासियों,
हमें कर्म-कौशल दो
क्योंकि अभी कुछ नहीं बदला है
अभी कुछ नहीं बदला है ।

(च) जहाँ नहीं सामर्थ्य शोध की
क्षमा वहाँ निष्फल है ;
गरल घूँट पी जाने का
मिस है, वाणी का छल है ।

(छ) चाहता हूँ एक शाम जब साँकल पीटूँ
तो बहुत फुल्के कोई कुंडी खोले
और देखूँ सामाने वृन्त पर वही
जिसकी इतने दिन से गंध लग रही थी ।

२. 'कामायनी रूपक तत्त्व प्रधान काव्य है' इस कथन को स्पष्ट कीजिए । १०

३. निराला की कविताओं में निहित विद्रोही भाव की समीक्षा कीजिए । १०

४. 'अंधेरे में' कविता में अभिव्यक्त कलाकार का अंतर्द्वंद्व स्पष्ट कीजिए । १०

५. 'अंधकार में जागनेवाले' कविता का भाव-सौंदर्य लिखिए । १०

६. 'कुरुक्षेत्र' के युधिष्ठिर की मनोदशा पर प्रकाश डालिए । १०

७. 'आत्मा का रोकड़' कविता का आशय स्पष्ट कीजिए । १०

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com



८. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** वाक्य में लिखिए :-

(१) मनु कहाँ बैठकर प्रलय-प्रवाह देख रहे थे ?

(२) सारस्वत नगर के निवासियों के साथ यात्रा करनेवाला वृषभ किसका प्रतिनिधि था ?

(३) मनु को किसका अंक हिमानी-सा शीतल लगता है ?

(४) 'मुझ भाग्यहीन की तू सम्बल' कवि ने किसे कहा है ?

(५) 'राम की शक्ति पूजा' में महाशक्ति क्या कहते हुए राम के वदन में लीन हुईं ?

(६) तिलक की पाषाण मूर्ति की नासिका से रक्त बहने का क्या कारण था ?

(७) मुक्तिबोध के अनुसार अरुण कमल प्रतिपल कहाँ काँपता रहता है ?

(८) केशव ने युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ द्वारा किस भाव का सृजन करना चाहा था ?

(९) 'कितनी नावों में कितनी बार' को किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है ?

(१०) 'नये इलाके में' कविता में कवि को कौन धोखा दे जाते हैं ? १०

(ब) उचित विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

(१) 'हे अभाव की चपल बालिके, री ललाट की खल लेखा' किसे कहा गया है ?
(क) आशा (ख) श्रद्धा
(ग) चिंता (घ) इड़ा

(२) 'तोड़ती पत्थर' की महिला कहाँ बैठी हुई थी ?
(क) कड़ी धूप में (ख) छायादार पेड़ के नीचे
(ग) घर में (घ) मंदिर में

(३) एक सपना किसकी साँस पर जग रहा था ?
(क) हवा की (ख) बड़प्पन की
(ग) तहज़ीब की (घ) दिखावट की

(४) नवाब के बाग पर किसका रोबो-दाब पड़ा था ?
(क) कुकुरमुत्ता का (ख) गुलाब का
(ग) माली का (घ) राजा का

(५) निम्नलिखित में से कौन-सी रचना मुक्तिबोध की है ?
(क) काठ का सपना (ख) महाराणा का महत्त्व
(ग) रश्मिरथी (घ) सबूत

(६) भीष्म पितामह जीवन की शासिका किसे मानते हैं ?
(क) दया (ख) बुद्धि
(ग) चेतना (घ) प्रतिभा

(७) भीष्म पितामह के अनुसार क्षमा किस भुजंग को शोभती है ?
(क) जिसके पास मणि है (ख) जिसके पास गरल है
(ग) जिसके पास बल है (घ) जिसके पास दया हो

(८) इनमें से कौन-सी रचना अज्ञेय की नहीं है ?
(क) इत्यलय (ख) चिंता
(ग) बावरा अहेरी (घ) अपनी केवल धार

(९) 'श्रद्धांजलि' कविता में कवि किस चीज को कबाड़ी के हाथ बेचना चाहता है ?
(क) कुर्सी (ख) घड़ी
(ग) सायकल (घ) संदूक

(१०) इस्पात नगर की लेबर कॉलोनी सोयी है क्यों कि -
(क) रात भर वीडियो चला है (ख) रातभर झगड़ा हुआ है
(ग) रातपाली में काम किये हैं (घ) रातभर नृत्य किये हैं ।

---

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

M.A. (Part I & II)
Hindi - Paper I

D-: PH (April Exam) 1

Con. 3927-13. BN-9

(3 Hours) [Total Marks : 100

30-4-13

सूचना : (१) **प्रथम** एवं **अन्तिम** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।
(२) **शेष** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखिए ।
(३) **सभी** प्रश्नों के **दाहिनी** ओर **अंक** लिखे हुए हैं ।

१. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए - ४०

(क) तुम्हारी पवित्र स्मृति को कंगाल की निधि की भाँति छिपाये रहा । मूर्ख मैं . . . . आह मालिनी ! मेरे शून्य भाग्याकाश के मन्दिर का द्वार खोलकर तुम्हीं ने उनींदी उषा के सदृश झाँका था, और मेरे भिखारी संसार पर स्वर्ण बिखेर दिया था ।

(ख) मुझे यहाँ पहले आ जाना चाहिये था । दो दिन पहले ही पहुँच जाता । माधवी का मन बदल भी तो सकता है । वह किसी राजा को वरेगी, सुख-चैन से रहना चाहेगी । मुझे क्यों वरेगी ?

(ग) 'सबेरा होते ही लाला को थाने न पहुँचाऊँ, तो अपने असल बाप की नहीं । यह हत्यारा भाई कहने जोग हे ! यही भाई का काम है । वह बैरी है, पक्का बैरी और बैरी को मारने में पाप नहीं, छोड़ने में पाप है ।'

(घ) 'ले जाइए न हाकिम । रुक काहे गए ? अरे हमरा पास रहेगा तो चोर-डाकू बनेगा, नहीं तो जमींदार का हरवाह, चरवाह, चाहे बनिहार । ओकरा से तो यही नीमन (अच्छा) है कि आप ही ले जाएँ । कम-से-कम कायदे का आदमी तो बनेगा ।'

(च) मैंने कहा, "मगर आप उलटा कर रहे हैं । लोग 'पब्लिक लाइफ' में पहले आते हैं, चुनाव बाद में लड़ते हैं । आप चुनाव पहले लड़ेंगे, पब्लिक लाईफ में बाद में आएंगे ? "

(छ) "किन्तु हमारे आदर्शों में कितना भेद है । तुम चाहते हो, स्वातंत्र्य के नाम पर विश्व जीतकर उस पर शासन करना और हम ! हम इसी की चेष्टा में लगे हैं कि अपने हृदय इतने विशाल बना सकें कि विश्व उनमें समा जाये ।"

२. स्कन्दगुप्त के चरित्र की प्रमुख विशेषताएं लिखिए । १०

३. 'माधवी' नाटक में नारी-जीवन की दयनीयता अभिव्यक्त हुई है इस कथन की विवेचना कीजिए । १०

४. होरी के जीवन के अन्त शोषण, अभाव और संघर्षों में हुआ है सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । १०

५. 'जंगल जहाँ शुरू होता है' के आधार पर डाकू-समस्या के कारणों पर प्रकाश डालिए । १०

६. 'वैष्णव ने धर्म को धंधे से जोड़ा है ।' लेखक के इस कथन को स्पष्ट कीजिए । १०

७. 'ऊँचाई' की शिवानी और शिशिर के दाम्पत्य सम्बन्ध की विवेचना कीजिए । १०

[ TURN OVER

StudentBounty.com
www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

८. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए :-

(१) स्मंशान में देवसेना की बलि कौन देना चाहता था ?

(२) मालव के धनकुबेर की कन्या कौन थी ?

(३) माधवी के अनुसार वितस्ता नदी की बाढ़ में कितने घोड़े डूब गए ?

(४) 'माधवी' नाटक में गालव का मित्र कौन था ?

(५) मिर्जाजी के जूते की दुकान पर रोज कितने रुपयों की विक्री थी ?

(६) होरी को किसका ऋण चुकाने की धुन थी ?

(७) सहोदरा के मेले में बिसराम बहू ने किस प्राणी की बलि दी ?

(८) थारु बालाओं के नृत्य को क्या कहा जाता है ?

(९) 'राजनीति का बँटवारा' का भतीजा किस विषय में शोध कर रहा था ?

(१०) 'मक्रील' की युवती ने कवि के सामने क्या प्रस्ताव रखा ?

(आ) सही विकल्प चुनकर लिखिए :- १०

(१) 'स्कन्दगुप्त' नाटक में बौद्ध आचार्य अपना बलिदान देने के लिए ब्राह्मणों के आगे प्रस्तुत हुआ :-

(अ) घातुसेन (ब) प्रख्यात कीर्ति (क) आनन्द (ड) गौतम ।

(२) आर्य- साम्राज्य के विरुध्द षड्यंत्र में सम्मिलित है ।

(अ) पर्णदत्त (ब) चक्रपालित (क) देवकी (ड) भटार्क ।

(३) गालव को ऋण-मुक्त कराने के लिए माधवी अन्ततः किसके यहाँ रहने के लिए प्रस्तुत हुई ?

(अ) विश्वामित्र (ब) हर्यश्च (क) उशीनर (ड) दिवोदास ।

(४) 'माधवी' नाटक की सत्यवती किस राजा की बेटी थी ?

(अ) ययाति (ब) हरिशचंद्र (क) कर्ण (ड) गाधि ।

(५) 'गोदान' की रूपा और रामसेवक के विवाह की मध्यस्थता किसने की ?

(अ) मि. मेहता (ब) नोखेराम (क) रायसाहब (ड) दातादीन।

(६) गोबर मालती के यहाँ क्या काम करता था ?

(अ) खाना पकाने का (ब) कपड़ा धोने का

(क) दवा खरीदने का (ड) माली का ।

(७) दुलार की बेटी की शादी में किस दुकानदार ने सामान भेजा ।

(अ) जैराम साह (ब) महाबीर साह

(क) लक्ष्मी साह (ड) महेश साह ।

(८) काली किस गाँव का निवासी था ?

(अ) गोनहा (ब) सिकरहवा

(क) बनकटा (ड) मकरंदापू

(९) 'जमाखोर की क्रांति' का नेता सुबह किस विषय पर भाषण देता था ?

(अ) अर्थ-व्यवस्था (ब) कृषि-विज्ञान

(क) समाज विज्ञान (ड) राजनीति।

(१०) कुबरा मौलवी ने महाराज चेतसिंह से क्या माँगा था ?

(अ) रुपये (ब) भोजन

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

M.A. (Part I & II)
Hindi - Paper III (Rev.)

1st Half-13-Mina - (a)-16

**Con. 3924-13.**

(3 Hours) [ Total Marks :

26-4-13

StudentBounty.com

**सूचना :** (१) **सभी** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
(२) **सभी** प्रश्नों के **दाहिनी** ओर **अंक** लिखे हुए है।
(३) **आई. डी. ओ. एल (पत्राचार)** के विद्यार्थी उत्तर पुस्तिकापर **आई. डी. ओ. एल. (पत्राचार)** अवश्य लिखें।

१. हिन्दी साहित्य के कालविभाजन पर विस्तार से प्रकाश डालिए। १६

२. सिद्ध साहित्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। १६

३. सूफी परम्परा के विकास पर प्रकाश डालिए। १६

४. रीति मुक्त काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। १६

५. द्विवेदी कालीन कविता की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए। १६

६. हिन्दी आलोचना के विकास क्रम पर चर्चा कीजिए। १६

७. रेखाचित्र एवं संस्मरण का अंतर स्पष्ट करते हुए हिन्दी के संस्मरण पर प्रकाश डालिए। १६

८. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** वाक्य में लिखिए। १०
(१) हिन्दी का प्रथम कवि किसे माना जाता है ?
(२) 'सरस्वती' का प्रथम संपादन किस वर्ष में हुआ ?
(३) रीतिबद्ध आचार्यों के नाम बताइए।
(४) रीति निरुपण किसे कहा जाता है ?
(५) कबीर का जन्म किस गांव में हुआ था ?
(६) 'त्रिधारा' किस कवियित्री की कविता है ?
(७) 'अपने अपने पिंजरे' के लेखक कौन है ?
(८) दलित विमर्श किसे कहते है ?
(९) प्रयोगवादी कविता में किस वर्ग का चित्रण है ?
(१०) भारत में मुद्रण यंत्र किसने स्थापित किया ?

[ TURN OVER

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

(ब) सही विकल्प लिखिए :–

(१) श्रावकाचार किस कवि की रचना है ?

(अ) देवसेन (ब) शालिभद्र सूरि (क) सरहपा (ख) शबरपा

(२) 'बीसलदेव रासो' की नायिका :–

(अ) दुर्गाबाई (ब) राजमति (क) माखणी (ख) पद्मावती

(३) योगसाधना के प्रवर्तक एवं आदि गुरु :–

(अ) शिव (ब) मध्वाचार्य (क) शंकराचार्य (ख) ब्रह्मा

(४) 'छत्रसाल दशक' के रचनाकार है :–

(अ) सूदन (ब) पद्माकर (क) भूषण (ख) लालकवि

(५) 'शिकजे का दर्द' किसकी रचना है ?

(अ) पुष्पा मैत्रयी (क) रजत राणि मीनु

(ब) सुशीला टाकभौरे (ख) कौशल्या बैसंत्री

(६) हिन्दी दलित साहित्य की पहली आत्मकथा।

(अ) अपने अपने पिंजरे (क) झोपडी से राजभवन

(ब) जूठन (ख) मैं भंगी हूँ

(७) खड़ी बोली हिन्दी का पहला महाकाव्य माना जाता है।

(अ) भारत-भारती (क) प्रियप्रवास

(ब) काव्य-मंजूषा (ख) स्वदेशी कुंडल

(८) प्रेमचंद का अधुरा उपन्यास।

(अ) मंगलसूत्र (ब) गबन (क) गोदान (ख) प्रेमाश्रम

(९) दिनकर कृत 'उर्वशी' की विधा क्या है ?

(अ) मुक्तक (ब) खंडकाव्य (क) महाकाव्य (ख) चंपूकाव्य

(१०) अज्ञेय का 'नदी के द्वीप' किस वर्ष का प्रकाशन है।

(अ) १९५२ (ब) १९६५ (क) १९३५ (ख) १९७०

-----------------

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

M.A. (Part I & II)
Hindi - Paper IV (Rev.)

VT-F.H.Exam. Mar.-13-167

**Con. 2088-13.** **BN**

( 3 Hours ) **[ Total Marks : 10**

27-4-13

**सूचना** : (१) **अंतिम** प्रश्न **अनिवार्य** है ।
(२) **शेष** प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

१. भाषा को परिभाषित करते हुए भाषिक प्रकार्यों पर प्रकाश डालिए । १६

२. स्वन किसे कहते हैं ? व्यंजन स्वनों का वर्गीकरण कीजिए । १६

३. वाक्य की परिभाषा देते हुए विविध आधारों पर वाक्य के भेद सोदाहरण लिखिए । १६

४. अर्थपरिवर्तन के कारणों का परिचय दीजिए । १६

५. मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषाओं की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए । १६

६. उपसर्ग और प्रत्यय किसे कहते हैं ? रूप रचना के संदर्भ में उपसर्ग और प्रत्यय की भूमिका सोदाहरण समझाइए । १६

७. देवनागरी लिपि के गुण और विशेषताओं का विवेचन कीजिए । १६

८. (अ) निम्नलिखित विषयों पर **पाँच** से **दस** वाक्य में टिप्पणी लिखिए :- १०
(१) भाषा विज्ञान का अध्ययन-क्षेत्र
(२) स्वन आगम और स्वन लोप
(३) संबंध तत्व के प्रकार
(४) निकटस्थ अवयव
(५) स्वनिम के भेद ।

(ब) उचित पर्याय का चयन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- १०
(१) इनमें से कौन-सी भाषा द्रविड़ भाषा परिवार की नहीं है ?
(क) तेलुगु (ख) गोंड़
(ग) तुलु (घ) फारसी
(२) अभिहितान्वयवाद के अनुसार वाक्य में सार्थक सत्ता किस की होती है ?
(क) वाक्य ख) पद
(ग) शब्द (घ) स्वनिम
(३) निम्नलिखित में कौन अर्थ परिवर्तन की दिशा नहीं है ?
(क) अर्थ विस्तार (ख) अर्थ संकोच
(ग) [illegible] (घ) अर्थापकर्ष

StudentBounty.com
www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

(४) इनमें से पार्श्विक वर्ण कौन है ?

(क) य (ख) र

(ग) ल (घ) व

(५) इनमें से अर्ध विवृत कौन-सा वर्ण है ?

(क) औ (ख) आ

(ग) ए (घ) ऊ

(६) इनमें से कौन-सा वर्ण अल्पप्राण है ?

(क) ख (ख) फ

(ग) थ (घ) अ

(७) निम्नलिखित में से संयुक्त व्यंजन कौन सा है ?

(अ) य (ख) क्ष

(ग) त (घ) प

(८) इनमें से गुणवाचक विशेषण कौन-सा शब्द नहीं है ?

(क) उदार (ख) निखार

(ग) सुशील (घ) सुनील

(९) 'में' किस कारक का कारक-चिन्ह है ?

(क) कर्ता (ख) संबंध

(ग) अधिकरण (घ) करण

(१०) इनमें से कौन-सा शब्द उपसर्गयुक्त है ?

(क) वैश्विक (ख) विकसित

(ग) वियोग (घ) गहराई ।

*********

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

M.A. (Part I & II)

P4-RT-Exam.-Feb.-13-2-123

Con. 3997-13. Hindi - Paper VII ...3044

(3 Hours) [Total Ma...

22-4

**सूचना :** (१) **आठवाँ** प्रश्न **अनिवार्य** है ।
(२) **शेष** प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

१. पत्रकारिता का आशय स्पष्ट करते हुए खेल-पत्रकारिता का स्वरूप-विश्लेषण कीजिए । १६

२. हिन्दी पत्रकारिता के विकासक्रम पर प्रकाश डालिए । १६

३. इलेक्ट्रॉनिक पत्रकारिता का आशय स्पष्ट करते हुए टेलीविजन पत्रकारिता का महत्त्व समझाइए । १६

४. संपादक के दायित्व पर सविस्तार उत्तर लिखिए । १६

५. भारतीय प्रेस कानून का परिचय देते हुए पत्रकारों की आचार संहिता का विवेचन कीजिए । १६

६. सूचना अधिकार के कारण देश का नागरिक जागृत हुआ है - इस कथन की सत्यता पर प्रकाश डालिए । १६

७. समकालीन पत्रकारिता पर बाजारवाद के बढ़ते प्रभाव की समीक्षा कीजिए । १६

८. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों का **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए :- १०

(१) भारतीय सिनेमा का जनक कौन माना जाता है ?
(२) 'बंगाल जर्नल' कब प्रकाशित हुआ ?
(३) संपादकीय से क्या आशय है ?
(४) 'बनारस अखबार' के संपादक कौन थे ?
(५) 'आमुख' को अंग्रेजी में क्या कहते हैं ?
(६) 'ले आउट' का आशय स्पष्ट कीजिए ।
(७) ब्रिटेन में पत्रकारिता के आरंभिक दौर में गुप्तचरों को क्या कहा गया ?
(८) भारत में दूरदर्शन का आरंभ कब हुआ ?
(९) इंटरनेट का जनक कौन माना जाता है ?
(१०) भूमंडलीकरण किस देश द्वारा प्रायोजित है ?

(ब) सही विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- १०

(१) समाचार-पत्र कैसा माध्यम है ?
(क) श्रव्य (ख) मुद्रित
(ग) परंपरागत (घ) दृश्य-श्रव्य

(२) 'विशाल भारत' के प्रथम संपादक कौन थे ?
(क) बनारसीदास चतुर्वेदी (ख) श्रीराम शर्मा
(ग) निराला (घ) मोहनसिंह सेंगर

[TURN OVER

StudentBounty.com

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

(३) प्रथम हिन्दी सिनेमा का नाम क्या है ?
(क) आलम आरा (ख) राजा हरिश्चंद्र
(ग) सत्य हरिश्चंद्र (घ) अछूत कन्या

(४) रायटर किस देश की समाचार एजेंसी है ?
(क) अमेरिका (ख) फ्रांस
(ग) ब्रिटेन (घ) चीन

(५) यूनीवार्ता की स्थापना कब हुई ?
(क) १९५१ (ख) १९८२
(ग) १९४७ (घ) १९५०

(६) भारत के सुपर कम्प्युटर का क्या नाम है ?
(क) परम (ख) चरम
(ग) अन्यतम (घ) अप्रतिम

(७) कौन-सी साहित्यिक पत्रिका नहीं है ?
(क) दस्तावेज (ख) आलोचना
(ग) सहेली (घ) पाखी

(८) w.w.w. का पूरा नाम क्या है ?
(क) वाइड वेब वर्ल्ड (ख) वर्ल्ड वेब वाइड
(ग) वायरलेस वेब वर्ल्ड (घ) वर्ल्ड वाइड वेब

(९) कौन-सी इंटरनेट पत्रिका नहीं है ?
(क) अनुभूति (ख) अभिव्यक्ति
(ग) शब्दांकन (घ) वागर्थ

(१०) भारत में भूमंडलीकरण और बाजारवाद की प्रक्रिया कब आरंभ हुई ?
(क) १९९१ (ख) १९५१
(ग) १९६७ (घ) १९४७

----------------

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

D:sneha /April 2013 4

M.A. (Part. I & II)
Hindi - Paper V (Rev.)

**Con. 4669–13.** ...08

StudentBounty.com

(३ घंटे) [कूल गुण :
29-4

सूचना : (१) **प्रथम** एवं **अंतिम** प्रश्न **अनिवार्य है** ।
(२) शेष प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।
(३) **सभी** प्रश्नों के **दाहिने** ओर **अंक** लिखे हुए हैं।
(४) **IDOL** के विद्यार्थी उत्तर पत्रिका पर **I.D.O.L. अवश्य** लिखें।
(५) उत्तरपत्रिका पर **Old / Revised Course अवश्य** लिखें ।

१. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **चार** की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :- ४०

(अ) "कि आरे ! नव जौवन अभिरामा ।
जत देखल तत कहए न पारिअ, छओ अनुपम एक ठामा ।
हरिन इन्दु अरबिन्द करिनि हिम, पिक बूझल अनुमानी ।
नयन बदन परिमल गति तन रुचि, अओ अति सुललित बानी ॥"

(आ) "साधो, तो सतगुरु मोहिं भावै ।
सत्त प्रेम का भर भर प्याला, आप पिवै मोंहि प्यावै ।
परदा दूर करै ऑखिंन का, ब्रह्म दरस दिखलावै ।
जिस दरसन में सब लोक दरसै, अनहद सब्द सुनावै ॥"

(इ) "सरवर तीर पदमिनी आई । खोंपा छोरि केस मुकलाई ॥
ससिमुख, अंग मलयगिरि बासा । नागिन झाँपि लीन्ह चहुँ पासा ॥
ओनई घटा परी जग छाहाँ । ससि के सरन लीन्ह जनु राहाँ ॥
छपि गै दिनहिं भानु कै दसा । लेइ निसि नखत चाँद परगसा ॥

(ई) "निर्गुण कौन देस को बासी ?
मधुकर ! हँसी समुझाय, सौंह दै बूझति साँच, न हाँसी ॥
को है जनक, जननि को कहियत, कौन नारि, को दासी ?
कैसो वरन, भेस है कैसो केहि रस कै अभिलासी ॥"

(उ) "बैर न बिग्रह आस न त्रासा । सुखमय ताहि सदा सब आसा ॥
अनारंभ अनिकेत अमानी । अनघ अरोष दच्छ बिग्यानी ॥
प्रीति सदा सज्जन संसर्गा । तृन सम बिषय स्वर्ग अपबर्गा ॥
भगति पच्छ हठ नहिं सठताई । दुष्ट तर्क सब दूरि बहाई ॥"

(ऊ) "स्वारथु सुकृतु न, श्रमु बृथा; देखि, बिहंग, बिचारी ।
बाक, पराऐं पानि परि तूँ पच्छीनु न मारि ॥
दुसह दुराज प्रजानु कौं क्यों न बढ़े दुख-दंदु ।
अधिक अँधेरौ जग करत मिलि मावस रबि-चंदु॥"

२. 'विद्यापति पदावली में भक्ति, श्रृंगार और प्रेम का त्रिवेणी संगम हैं ।' उक्त कथन की समीक्षा कीजिए । १०

[TURN OVER

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

३. कबीर के दार्शनिक विचारों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

४. 'पद्मावत' में व्यक्त प्रेम-व्यंजना की समीक्षा कीजिए ।

५. 'सूरदास ने वियोग की मनोदशाओं का अत्यन्त मार्मिक चित्रण किया है ।' 'भ्रमरगीत सार' के आधारपर चर्चा कीजिए । १०

६. तुलसी की काव्य-कला का संक्षिप्त परिचय कर दीजिए । १०

७. "बिहारी के काव्य में युग-जीवन की तस्वीर मिलती है" उक्त कथन की पुष्टि कीजिए । १०

८. (क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** वाक्य में लिखिए :– १०
   (१) विद्यापति ने किन भाषाओं में रचना की है ?
   (२) कबीर ने नारी का उज्ज्वल रूप किसे माना है ?
   (३) कबीर का लालन-पालन किस परिवार में हुआ था ?
   (४) पद्मावत की रचना किस शासक के कालखंड में हुई ?
   (५) 'पद्मावत' किस प्रकार का काव्य है ?
   (६) 'जोग ठगौरी ब्रज न बिकैहै ।' किस कवि की काव्यपंक्ति हैं ?
   (७) गोपियों को ज्ञान का संदेश देने कौन आता है ?
   (८) रामचरित मानस में कितने कांड हैं ?
   (९) किस कवि को कलिकाल का वाल्मीकि कहा गया है ?
   (१०) बिहारी रीतिकाल के किस धरा के कवि माने जाते हैं ?

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के **सही** विकल्प चुनकर लिखिए :- १०
   (१) विद्यापति का जन्म माना जाता है -
   (अ) १३३० (ब) १३४० (क) १३५० (ड) १३६० ।
   (२) विद्यापति के पिता का नाम है -
   (अ) गणपति ठाकुर (ब) वीरेश्वर ठाकुर (क) विष्णुशर्मा ठाकुर (ड) इनमें से कोई नहीं ।
   (३) 'देखियत कालिंदी अति कारी ।' यह काव्यपंक्ति किसकी है ?
   (अ) मीराबाई (ब) सूरदास (क) नंददास (ड) तुलसीदास ।
   (४) सुरसारावली में कुल पद हैं -
   (अ) ११०७ (ब) १२०७ (क) १३०७ (ड) १४०७ ।
   (५) 'भ्रमरगीत सार' में श्रीकृष्ण किस नगरी से गोपियों को संदेश भेजते हैं ?
   (अ) अयोध्या (ब) ब्रज (क) प्रयाग (ड) मथुरा ।
   (६) बिहारी ने अपने वियोग वर्णन में मुख्यतः ...... का सहारा लिया है ।
   (अ) वास्तविकता (ब) अनुभूति (क) चमत्कार (ड) इनमें से कोई नहीं ।
   (७) जायसी की 'आखिरी कलाम' में किस बादशाह की प्रशंसा हैं ?
   (अ) हूमायुँ (ब) बाबर (क) अकबर (ड) शेरशाह ।
   (८) तुलसीदास के 'रामचरितमानस' में प्रबल भावना है -
   (अ) पांडित्य प्रदर्शन (ब) गुरुभक्ति (क) लोकमंगल (ड) भौतिक सुख ।
   (९) तुलसी के समय का समाज था -
   (अ) आर्दशविहीन (ब) सामंजस्यपूर्ण
   (क) संस्कृतिप्रधान (ड) भक्ति की उच्च भावना।
   (१०) कबीर को 'वाणी का डिक्टेटर' किसने कहा है ?
   (अ) आ. रामचंद्र शुक्ल (ब) डॉ. रामकुमार वर्मा
   (क) डॉ. गणपतिचन्द्र गुप्त (ड) आचार्य हजारी प्र. द्विवेदी ।

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

AGJ-... -f (x) 25

M.A. (Part I & II)

Con. 5574-13. Hindi- Paper VIII

(3 Hours) [ Total Marks ...

3-5-13

**सूचना :** (१) **आठवाँ** प्रश्न **अनिवार्य** है ।

(२) **शेष** प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

१. जनसंचार का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसके महत्त्व को प्रतिपादित कीजिए । १६

२. मुद्रित जनसंचार माध्यमों का परिचय देते हुए समाचार पत्रों के विकासक्रम को स्पष्ट कीजिए । १६

३. ''जनसंचार माध्यम और विज्ञान में अन्योन्याश्रित संबंध है ।' इस कथन का विवेचन कीजिए । १६

४. 'आधुनिक जनसंचार माध्यमों को प्रभावशाली बनाने में हिंदी की महत्त्वपूर्ण भूमिका है ।' इस कथन की पुष्टि कीजिए । १६

५. टेलीड्रामा और डाक्युड्रामा लेखन के स्वरूप को समझाइए । १६

६. आकाशवाणी तथा दूरदर्शन की भाषा पर प्रकाश डालिए । १६

७. 'विज्ञापन लेखन एक विशिष्ट कला है ।' स्पष्ट कीजिए । १६

८. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **पाँच** से **दस** वाक्यों में लिखिए :- १०

(१) संचार प्रक्रिया के तत्त्व ।

(२) फीचर लेखन ।

(३) श्रव्य जनसंचार माध्यम ।

(४) संवाद लेखन ।

(५) समाचार पत्रों की भाषा ।

(आ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **सही** विकल्प चुनकर लिखिए :- १०

(१) प्रेमचंद के बाद 'हंस' पत्रिका का संपादन-कार्य कौन कर रहा है ?

(क) राजेंद्र यादव (ग) वीरेन्द्र यादव

(ख) संजीव (घ) रवीन्द्र कालिया

(२) इन्टरनेट से जुड़े 'w.w.w.' से क्या तात्पर्य है ?

(क) वर्ल्ड वाईल्ड वाक (ग) वेब वाईल्ड वर्ल्ड

(ख) वर्ल्ड वाइड वेब (घ) वर्ल्ड वूमेन वर्क

[ TURN OVER

StudentBounty.com

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

(३) 'कुछ दिन तो गुजारिये गुजरात में' विज्ञापन के अभिनेता कौन हैं ?
(क) अमीर खान (ग) अमिताभ बच्चन
(ख) सचिन तेंडुलकर (घ) अनुपम खेर

(४) फिल्म जगत् का जनक किसे माना जाता है ?
(क) दादाभाई नौरोजी (ग) दादाजी कोंडदेव
(ख) दादा कोंडके (घ) दादासाहेब फालके

(५) हिन्दी का पहला समाचार पत्र 'उदन्त मार्तन्ड' कहाँ से प्रकाशित हुआ था ?
(क) कलकत्ता (ग) पटना
(ख) बनारस (घ) मुंबई

(६) 'थ्री इडियट्स' फिल्म किस मुख्य समस्या पर आधारित है ?
(क) शिक्षा (ग) राजनीति
(ख) खेल (घ) स्त्री-समस्या

(७) इनमें से कौनसा ऐसा जनसंचार माध्यम है जिसमें 'बिना कागद, बिना स्याही' के काम चलता है ?
(क) पुस्तकें (ग) समाचार-पत्र
(ख) इंटरनेट (घ) पत्रपत्रिका

(८) 'कठपुतली' किस कोटि का संचार माध्यम है ?
(क) नवइलेक्ट्रॉनिक (ग) मुद्रित
(ख) आधुनिक (घ) परंपरागत

(९) रेडियो नाटक में किस तत्त्व की आवश्यकता सबसे अधिक होती है ?
(क) प्रकाश व्यवस्था (ग) ध्वनि
(ख) अभिनय (घ) रंगमंच

(१०) 'अदालत' धारावाहिक के मुख्य अभिनेता का नाम क्या है ?
(क) मोहन रॉय (ग) चेतन रॉय
(ख) प्रेमराय (घ) रोनित रॉय

--------------

StudentBounty.com

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

(3 Hours) [Total Ma

StudentBounty.com

**सूचना :** (१) **प्रथम**, **द्वितीय** एवं **अन्तिम** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।
(२) **शेष** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

१. दलित साहित्य के सौन्दर्यशास्त्र का स्वरूप निर्धारित कीजिए । २०

**अथवा**

दलित साहित्य की अवधारणा समझाकर लिखिए । २०

२. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **तीन** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :- ३०

(क) गाली देना तो आम बात थी । उनके पशु या घर का सामान कुर्क कर लेते। लगान अदा करने के लिए उन्हें महाजनों से कर्ज लेने को विवश किया जाता ।

(ख) अब भी इस बात की याद आते ही बहुत व्यथित हो जाती हूँ । अपमान महसूस करती हूँ जाँति-पाँति बनाने वाले का मुँह नोचने का मन करता है । अपमान का बदला लेने का मन करता है ।

(ग) शायद प्यार मल्टीपल डिसेबल्ड होता है । शायद एक से ज्यादा विकलांगताओं से लैस होने के कारण ही, वह हमेशा असुरक्षा की भावना से भरा होता है, नतीजतन वह ठोस जिद्दी भी होता है ।

(घ) इन्सान की गुलामी जब उसके मन पर लाद दी जाती है तब वह इन्सान नहीं रहता । वह मात्र गुलाम बनकर रह जाता है । ऐसा गुलाम जिसका तन, मन, विचार, भावना कुछ भी उसका अपना नहीं होता । वह गुलामी लादने वालों के साथ की कठपुतली बनकर रह जाता है ।

(च) कभी सोचा है
गन्दे नाले के किनारे बसे
वर्ण-व्यवस्था के मारे लोग
इस तरह क्यों जीते हैं ?
तुम पराये क्यों लगते हो उन्हें
कभी सोचा है ?

३. 'झोपड़ी से राजभवन तक' के माध्यम से माताप्रसाद की पारिवारिक स्थिति का चित्रण करते हुए उनकी राजनीतिक-यात्रा पर प्रकाश डालिए । १०

४. 'दोहरा अभिशाप' ''लेखिका के लम्बे, संघर्षपूर्ण, कड़वे-मीठे अनुभवों का कच्चा चिट्ठा प्रस्तुत करता है।'' इस कथन की पुष्टि कीजिए । १०

५. 'उधर के लोग' में ''जातिवादी व्यवस्था को कटघरे में खड़ा करते हुए वेश्यावृत्ति और यौन-विकार पर खुले दिमाग से तर्कपूर्ण विचार रख गये हैं ।'' इस कथन को स्पष्ट कीजिए । १०

६. 'छौआ माँ' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए । १०

७. 'मुट्ठी भर चावल' कविता की मूल संवेदना समझाकर लिखिए । १०

[TURN OVER

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

८. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए :- १०

(१) माताप्रसाद को वरिच्छा में कितना रूपया मिला था ?
(२) माताप्रसाद पहली बार प्रदेश काँग्रेस कमेटी में क्या बनाये गये ?
(३) कौसल्या बैसंत्री ने बचपन में किससे कहानियाँ सुनी थीं ?
(४) कौशल्या बैसंत्री की उपजाति क्या थी ?
(५) अजय नावरिया की पहली पत्नी का क्या नाम था ?
(६) कई मराठी लेखकों के अनुसार किन-लोगों ने जगजीवनराम के साथ मिलकर बाबा साहेब के आन्दोलन को कमजोर किया था ?
(७) शंकर दसवीं की परीक्षा में किस श्रेणी के अंक लेकर पास हुआ ?
(८) शक्तिशाली दुराचारी किस पर अत्याचार करते आये हैं ?
(९) कवि शब्द से क्या अपेक्षा करता है ?
(१०) किराये के हाथ दीवारों पर क्या लिखते हैं ?

(ब) सही विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- १०

(१) माताप्रसाद की पहली नियुक्ति किस प्राइमरी स्कूल में हुई ?
(क) बादशाहपुर (ख) असवाँ
(ग) बेलवा (घ) कटवा

(२) निम्नलिखित में से कौन माताप्रसाद का पुत्र नहीं है ?
(क) केशव प्रसाद (ख) रामेश्वर प्रसाद
(ग) डॉ. एस. पी. भास्कर (घ) कर्मवीर भारती

(३) इसमें से कौसल्या बैसंत्री की माँ का नाम क्या है ?
(क) गंगा (ख) जमुना
(ग) भागेरथी (घ) सरस्वती

(४) बचपन में कौसल्या बैसंत्री का क्या नाम रखा गया था ?
(क) माधुरी (ख) कचरी
(ग) उरकुड़ी (घ) मकड़ी

(५) बीरपाल सिंह को क्या कहा जाता था ?
(क) वफादार पुलिस अधिकारी (ख) रिश्वतखोर अधिकारी
(ग) मार-पीट अधिकारी (घ) एन्काउन्टर किंग

(६) अजय नावरिया ने एम. ए. किस विश्वविद्यालय से किया ?
(क) दिल्ली विश्वविद्यालय (ख) बी. एच. यू.
(ग) जे. एन. यू. (घ) आगरा विश्वविद्यालय

(७) बन्टी से तलाक लेने के बाद रमा किसके साथ कानूनी विवाह-बंधन में बंध गयी ?
(क) अनिल (ख) सुनील
(ग) गोबिन्द (घ) रवीन्द्र

(८) जग्गू ने किस औरत का बाल पकड़कर घसीटना शुरू किया ?
(क) लंगड़ी (ख) अन्धी
(ग) कुबड़ी (घ) पागल

(९) कवि को पेड़ और उनके हरेपन से ज्यादा अच्छे कौन लगते हैं ?
(क) जो स्वप्न में भी आदमी से झगड़ा नहीं करते
(ख) जो स्वप्न में भी आदमी से दुश्मनी नहीं करते
(ग) जो स्वप्न में भी आदमी से नफरत नहीं करते
(घ) जो स्वप्न में भी आदमी से घृणा नहीं करते

(१०) कवि के अनुसार शब्दों का अर्थ दक्षिणा की राशि देखकर कौन बदल देता था ?
(क) गाँव का मुल्ला (ख) मन्दिर का पुजारी
(ग) गाँव का पुरोहित (घ) गाँव का पण्डित

---

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers